## देवास ब्लास्ट : आखिरी बार बिलिंग रूम में दिखे 2 और श्रमिक लापता, हो चुकी हैं 5 मौतें

**देवास।** जिले के टोंक कलां के पास हुई पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट की घटना के बाद अब दो मजदूरों के लापता होने की बात सामने आई है। हादसे में घायल मजदूरों का कहना है कि उनके दो साथी राजू और बाबुल ब्लास्ट के बाद से लापता हैं। दोनों का अब तक कोई पता नहीं चल पाया है। दोस्तों ने आशंका जताई है कि कहीं दोनों हादसे का शिकार तो नहीं हो गए। वहीं इस हादसे में अब तक 5 मजदूरों की मौत हो चुकी है। गुरुवार देर रात शव परिजनों को सौंप दिए गए।



### खाना खाते वक्त हुई थी बात

देवास जिला अस्पताल में भर्ती घायल मजदूर शशि कुमार ने बताया कि ब्लास्ट से पहले उनकी राजू और बाबुल से खाना खाते समय बात हुई थी। इसके बाद दोनों नजर नहीं आए। शशि कुमार के मुताबिक हादसे के बाद से दोनों से कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। परिजनों से भी बात की गई और अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती घायलों के बारे में जानकारी जुटाई गई, लेकिन दोनों का कहीं पता नहीं चला। घायल मजदूरों और उनके साथियों का कहना है कि उन्हें आशंका है कि कहीं दोनों के शव घटना स्थल पर ही न हों। इसी वजह से वे घटना स्थल पर जाकर जानकारी लेने की मांग कर रहे हैं। मजदूरों ने बताया कि राजू और बाबुल बिहार के अररहिया जिले के रहने वाले हैं। कुछ महीने पहले ही गांव से काम करने देवास आए थे।

### ज्यादातर मजदूर एक ही गांव के रहने वाले

मजदूरों ने बताया कि फैक्ट्री में काम करने वाले ज्यादातर मजदूर बिहार के अररहिया गांव के रहने वाले हैं। कोई दो महीने पहले तो कोई चार महीने पहले यहां काम करने आया था। हादसे के बाद गांव के लोगों और परिजनों में भी चिंता बनी हुई है। पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट में अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में चार मजदूर बिहार के रहने वाले थे, जबकि एक मजदूर उत्तर प्रदेश का निवासी था। मृतकों की पहचान सुमित, धीरज, अमर और गुड्डू के रूप में हुई है, जो बिहार के रहने वाले थे। वहीं सनी उत्तर प्रदेश के लखनऊ का निवासी था। हादसे में घायल मजदूरों का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। देवास जिला अस्पताल में 11 लोग भर्ती हैं, जबकि कुछ गंभीर घायलों को अमलतास अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट मामले में श्रम विभाग की शुरुआती जांच रिपोर्ट सामने आ गई है। हादसे को लेकर श्रम मंत्री प्रह्लाद पटेल ने बताया कि तकनीकी तौर पर दुर्घटना की मुख्य वजह मैग्नीशियम पाउडर की केमिकल रिएक्शन हो सकती है। आशंका जताई जा रही है कि निर्माण प्रक्रिया के दौरान मैग्नीशियम पाउडर का पानी से संपर्क हो गया, जिससे यह जोरदार धमाका हुआ। इसके अलावा, एक थ्योरी यह भी है कि इस बारूद की हैंडलिंग के दौरान स्टैटिक चार्ज डेवलप हो गया, जिसने सेल्फ इग्निशन (स्वत: आग पकड़ने) का काम किया। फिलहाल मौके से सबूत जुटाकर बयानों के आधार पर विस्तृत जांच की जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह कारखाना अभी पूरी तरह बनकर तैयार भी नहीं हुआ था।

### मालवीय और खान पर कार्रवाई



अनिल मालवीय

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋतुराज सिंह ने आरोपी अनिल पिता दिनेश मालवीय एवं आरोपी आजास पिता नजाम खान के विरूद्ध लोक व्यवस्था के अनुरक्षण के प्रतिकूल किसी भी रीति से कार्य करने से रोकने के अभिप्राय से राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। कलेक्टर श्री सिंह ने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 की धारा 3 की उप धारा (2) में प्रदत्त शक्तियों अन्तर्गत दोनों आरोपियों के विरुद्ध निरुद्ध आदेश जारी किया है। आरोपियों को तीन माह तक की अवधि के लिए निरुद्ध कर केन्द्रीय जेल भेरूगढ़ उज्जैन में रखा जाएगा।

### जांच के लिए टीम का गठन किया

कलेक्टर और जिला दंडाधिकारी ऋतुराज सिंह ने मामले की जांच के लिए एक विशेष दल का गठन किया है। गठित जांच दल में अधीक्षण यंत्री विद्युत विभाग देवास, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड देवास और उप संचालक औद्योगिक एवं स्वास्थ्य सुरक्षा देवास को सदस्य बनाया गया है। जांच दल फैक्ट्री में हुए हादसे के कारणों, सुरक्षा व्यवस्थाओं और नियमों के पालन की जांच करेगा।

## ब्राइट स्टार सेंट्रल एकेडमी के सितारों ने फिर मारी बाजी

**देवास।** ब्राइट स्टार सेंट्रल एकेडमी परिसर में खुशी और गर्व का माहौल देखने को मिला, जब कक्षा 12वीं में सफल हुए विद्यार्थियों का मिठाई खिलाकर एवं शुभकामनाओं के साथ स्वागत किया गया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर स्कूल परिवार के साथ माता-पिता ने हर्ष व्यक्त किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह में सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं समर्पण की सराहना की गई। एकेडमी के सितारे ख़ुशी तिवारी 89.60, अब्दुल अहद ख़ान 83.80, रोशनी पवार 82.00, अर्शी शेख 82.60, मो आरिश ख़ान 75.80, शबनम ख़ान 73.60, नाजिया शेख ने 72.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। इस अवसर पर विद्यार्थियों को मिठाई खिलाई ये सुनहरे पल के साथ फोटोग्राफ भी लिए गए। संस्था के अध्यक्ष मेहशर अली सैयद, सचिव सादिक शेख, वरिष्ठ सदस्य



अफ़ज़ल ख़ान, शरीफ़ ख़ान, शकील शेख, डॉक्टर मेहमूद बेग, एडवोकेट अलीश ख़ान प्राचार्या संजीदा ख़ान उप-प्राचार्य सी. पी. नारुका, निलोफर शेख़, शिक्षकगण एवं उपस्थित अभिभावकों ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके जीवन में निरंतर प्रगति और सफलता की कामना की। यह आयोजन विद्यार्थियों के उत्साह, विद्यालय परिवार के स्नेह एवं शिक्षा के प्रति समर्पण का सुंदर उदाहरण बना।

विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल, सफल एवं सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

## स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए निगमायुक्त ने की समीक्षा

**देवास।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 में बेहतर रैंकिंग हासिल करने के लिए नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। आयुक्त दलीप कुमार ने मंगलवार को निगम कार्यालय में स्वच्छता अमले की समीक्षा बैठक लेकर झोन और वार्डवार किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की।

बैठक में उपायुक्तों, उपयंत्रियों, स्वच्छता निरीक्षकों एवं दरोगाओं ने अपने-अपने झोन व वार्ड में सर्वेक्षण के मानक स्तर पर किए गए कार्यों की जानकारी दी साथ ही बचे हुए कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई।

निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी वार्डों में नालों व नालियों की सफाई पर फोकस करें। वार्डों में पड़े सीएनडी वेस्ट को हटवाये जाने हेतु कहा। बैकलेन और सार्वजनिक मूत्रालयों की प्रतिदिन सफाई कर मूत्रालयों की दीवारों पर स्वच्छता संबंधी स्लोगन लिखें।

आयुक्त ने कहा कि जिन स्थानों पर गाजर घास उगी है उसे हटाया जाए। सभी उद्यानों में पौधों की छंटाई कर कम्पोस्ट पीट का उपयोग किया जाए। वार्डों में पेड़-पौधों से निकलने वाले कचरे का उचित निपटान भी सुनिश्चित किया जाए।

आयुक्त ने सभी उपयंत्री, स्वच्छता निरीक्षकों एवं दरोगाओं को प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार शेष कार्य दी गई समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए ओर कहा कि आगामी साप्ताहिक बैठक में दिए गए निर्देशों की वार्ड वाईज सम्पूर्ण कराए गए कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु कहा।

उल्लेखनीय है कि गत सप्ताह भी आयुक्त ने स्वच्छता अमले को सर्वेक्षण के मानकों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए थे। उन कार्यो की समीक्षा आयुक्त ने की।

### एक नजर में

### बारूद फैक्ट्री हादसा, 4 के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**देवास।** टोंककला में हुए बारूद फैक्ट्री विस्फोट मामले में पुलिस ने 4 आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है जिसमें आरोपी अनिल मालवीय पिता दिनेश मालवीय, निवासी पीपलरवा, देवास, आजास खान पिता नजाम, निवासी ग्राम गोखलपुर, थाना नरपतगंज, जिला अररिया (बिहार), भूपेन्द्र उर्फ छोटू, निवासी ग्राम फतेहपुर, थाना नरपतगंज, जिला अररिया (बिहार), महेश, निवासी उत्तराखण्ड। आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 105, 110 एवं 3(5) के साथ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 की धारा 3, 4, 5, 6 तथा विस्फोटक अधिनियम 1884 की धारा 5/9(ख) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### भोजशाला पर हाईकोर्ट के आदेश का स्वागत

**देवास।** धार जिले में स्थित भोजशाला पर इंदौर हाई कोर्ट के निर्णय का स्वागत किया मध्य प्रदेश के धार जिले में स्थित भोजशाला मंदिर है यह निर्णय इंदौर हाई कोर्ट द्वारा दिए जाने पर न्यायालय के निर्णय का स्वागत हिंदू संगठन के लोगों ने किया है एवं न्यायालय के आदेश का आभार माना। न्यायालय के आदेश का आभार करने वालों में हिंदू संगठन के मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष पवन, हिंदू प्रदेश महामंत्री अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन एवं धार जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेड़ा, प्रदेश उपाध्यक्ष बहादुर सिंह नेताजी, प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा अनीता पाल, धार जिला अध्यक्ष घनश्याम पाटील, उमंग नेमा, जिला अध्यक्ष शिवानी सुरेंद्र सोलंकी, संभाग अध्यक्ष इन्दौर देवास जिला अध्यक्ष रामेश्वर धाकड़, देपालपुर विधानसभा अध्यक्ष राम सिंह मकवाना, वागली विधानसभा इकाई अध्यक्ष लखन उईकै, पलासी हाटपिपलिया विधानसभा इकाई अध्यक्ष पवन नागर, बरोठा-राऊ विधानसभा इकाई अध्यक्ष राकेश परमार, प्रदेश पदाधिकारी कमल शर्मा, जगदीश यादव, घनश्याम पटेल, गोपाल भलावी, राजेश तंवर, गहली बच्चन सेठ, राजा ठाकुर, मोनू अग्रवाल, योगेश पांचाल, गगन यादव, अंकित यादव, सुरेश जयसवाल, नीलू अहिरवार, रघुनाथ नायक, सरपंच आनंद जोनवाल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शोभा जोशी, शीला गुप्ता, चमेली नायक, रेखा शर्मा आदि हिंदू संगठन के स्वयंसेवक कार्यकर्ताओं ने न्यायालय के निर्णय का स्वागत करते हुए आभार माना है।

### दवा विक्रेताओं का राष्ट्रव्यापी बंद 20 मई को

**देवास।** ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी), जो देशभर के 12.40 लाख से अधिक केमिस्ट एवं दवा वितरकों का शीर्ष संगठन है, ने सरकार की अनदेखी के खिलाफ 20 मई 2026, बुधवार को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी बंद की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्रेषित एक ज्ञापन में संगठन ने स्पष्ट किया है कि बार-बार के अनुरोधों के बावजूद, दवा व्यापार की गंभीर समस्याओं पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से देशभर के विक्रेताओं में भारी रोष है। संगठन का आरोप है कि ई-फार्मेसी प्लेटफॉर्म्स नियमों की शिथिलता का लाभ उठा रहे हैं। बिना भौतिक सत्यापन के दवाओं की बिक्री से एक ही प्रिस्क्रिप्शन का बार-बार उपयोग हो रहा है। ए आई आधारित फर्जी प्रिस्क्रिप्शन के जरिए एंटीबायोटिक्स और नशीली दवाओं (हेबिट फार्मिंग ड्रग) की अनियंत्रित उपलब्धता एंटी-माइक्रोबियल रेसिस्टेंस जैसे बड़े खतरे को जन्म दे रही है। यह सीधे तौर पर जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। देवास जिला केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद कोठारी एवं सचिव गिरधर गुप्ता के ने जिला केमिस्ट एसोसिएशन सदस्यों से अनुरोध किया कि 20 मई को अपना व्यवसाय बंद रखे।

## समय से पहले मकान लिस्टिंग पूरी करने पर 6 कर्मचारियों को किया सम्मानित

**देवास।** जनगणना 2027 के तहत मकान सूचीकरण कार्य निर्धारित समय से पहले पूरा करने वाले 6 शासकीय कर्मचारियों को नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार ने शुक्रवार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। निगम बैठक हाल में आयोजित सम्मान समारोह में विनोद पाठक, प्रियंका शर्मा, अंजु सोलंकी, रमाशंकर सोनी, अंकित सिसोदिया और यास्मीन शेख को लक्ष्य से पूर्व कार्य पूर्ण करने पर बधाई दी गई।

निगायुक्त ने कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मकान सूचीकरण जनगणना का महत्वपूर्ण कार्य है जिसे तय समय



में करना अनिवार्य है। इन कर्मचारियों ने लगन और निष्ठा से समय पूर्व कार्य कर सभी के लिए प्रेरणा का उदाहरण पेश किया है। उल्लेखनीय है कि निगम सीमा क्षेत्र में मकान सूचीकरण का कार्य कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा इसके लिए समय सीमा निर्धारित की गई थी। सम्मान समारोह में निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, जाकिर जाफरी एवं कुणाल दुबे भी उपस्थित रहे।

## शिकायतों को दबाकर हर वर्ष दोहराई जाती है लापरवाही

**हादसों के बाद जागता है तंत्र**

**लोहारदा।** हर वर्ष दीपावली के दौरान देवास जिले के कई क्षेत्रो में अस्थायी पटाखा दुकानों का संचालन होता है, लेकिन इसके साथ ही सुरक्षा मानकों की अनदेखी, अवैध भंडारण और नियमों के विपरीत पटाखे रखने की शिकायतें भी लगातार सामने आती हैं। लोगों और रहवासियों द्वारा समय-समय पर जिम्मेदार अधिकारियों को शिकायतें और आवेदन दिए जाते हैं, वहीं अखबारों में भी इन व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति उजागर की जाती है, लेकिन इसके बावजूद प्रशासनिक स्तर पर प्रभावी कार्रवाई शायद ही कभी दिखाई देती है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायतें और समाचार प्रकाशित होने के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर केवल औपचारिक या कागजी कार्रवाई कर मामले को समाप्त मान लिया जाता है। सवाल यह उठता है कि आखिर पटाखा व्यापारियों और बारूद के इस खतरनाक कारोबार पर हर बार शासन और जिम्मेदार अधिकारी चुप क्यों रहते हैं? जब खुलेआम नियमों की अनदेखी दिखाई देती है, तब कार्रवाई करने के बजाय आंखें क्यों मूंद ली जाती हैं? दीपावली के समय जब अखबारों और स्थानीय लोगों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की सच्चाई सामने लाई जाती है, तब अक्सर प्रशासन छुट्टियों, व्यस्तता या संसाधनों की कमी का बहाना बनाकर जिम्मेदारी से बचता नजर आता है। परिणाम स्वरूप नियमों का पालन करवाने के बजाय सब कुछ भगवान भरोसे छोडा़ा जाता है।

देवास जिले के टोंककला स्थित पटाखा फैक्ट्री हादसे ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि लापरवाही और अनदेखी कितनी भयावह साबित हो सकती है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या इस दर्दनाक घटना से भी कोई सबक लिया जाएगा? क्योंकि करीब छह महीने बाद फिर दीपावली आएगी, फिर अस्थायी पटाखा दुकानें सजेंगी, फिर नियमों की खुलेआम अनदेखी होगी और संभवत: प्रशासन एक बार फिर खुद को लाचार बताता नजर आएगा।

यदि पूर्व में प्रकाशित खबरों, शिकायतों और स्थानीय लोगों की चेतावनियों पर समय रहते सख्त कार्रवाई की जाती, तो शायद कई बड़े हादसे रोके जा सकते थे। अब जरूरत केवल हादसे के बाद जांच बैठाने की नहीं, बल्कि पहले से सख्त निगरानी और निष्पक्ष कार्रवाई की है, ताकि भविष्य में किसी और परिवार को ऐसी त्रासदी का सामना न करना पड़े।

## गर्मी से दिनचर्या प्रभावित, दोपहर में सड़क-बाजारों में पसरा सन्नाटा

**सोनकच्छ।** नगर सहित पूरे क्षेत्र में भीषण गर्मी और तेज धूप ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। सुबह 8 चजे से ही चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं का असर शुरू हो जाता है। हालात ऐसे हैं कि लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। दोपहर के समय शहर की सड़कें और बाजार सुनसान नजर आ रहे हैं।

जो लोग बाहर निकल रहे हैं, वे गर्मी से बचने के लिए मुंह पर गमछा या कपड़ा बांधकर सफर कर रहे हैं। शुक्रवार को सोनकच्छ में अधिकतम तापमान 42 डिग्री



सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान करीब 30 डिग्री बना रहा। यह तापमान पिछले तीन दिनों से लगातार दर्ज किया जा रहा है। आगामी दिनों में गर्मी और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। भीषण गर्मी का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी दिखाई देने लगा है। सिविल अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर लू और डिहाइड्रेशन से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से दोपहर के समय धूप में बाहर निकलने से बचने की अपील की है। साथ ही पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, शरीर को हाइड्रेट रखने और हल्के रंग के सुती कपडे पहनने की सलाह दी गई है। बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने तथा तेज धूप में निकलते समय सिर और चेहरे को ढंककर रखने की अपील भी की गई है। तेज गर्म हवाओं और लू के थपेड़ों ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। सबसे ज्यादा दिक्कत पैदल चलने वाले और दोपहिया वाहन चालकों को हो रही है। तपती गर्मी के चलते लोग सुबह और रात के समय ही बाहर निकलना पसंद कर रहे हैं। दिनभर तेज धूप के कारण चौराहों और मुख्य बाजारों में सन्नाटा पसरा रहता है, जबकि रात में कुछ चहल-पहल दिखाई देती है।

## गर्मी से राहत मिले इसके लिए नगर निगम ने लगाए पानी के मिस्ट स्प्रे

**देवास।** भीषण गर्मी से बचाव के लिए राहगीरों तथा यात्रियों की सुविधा के लिए मुख्य बस स्टेण्ड पर पानी का मिस्ट स्प्रे निगम द्वारा लगाया गया है। जिससे आने जाने वाले राहगीरों एवं यात्रियों को गर्मी से राहत मिल रही है। उल्लेख्सनिय है कि गत दिनों प्रमुख चौराहों के सिगनल पाईट पर रूकने वाले राहगीरों को गर्मी से राहत के लिए ग्रीन नेट लगाई गई। इसी कडी मे निगमायुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में मुख्य बस स्टेण्ड की दोनों साईड पर एवं निगम कार्यालय प्रांगण प्रवेश द्वार पर भी पानी का मिस्ट स्प्रे लगाया गया है जिससे आने एवं जाने वाले राहगीरों को गर्मी से राहत मिलेगी।


**In The Court of I Additional Judge To Civil Judge Class-I District Court Narmadapuram**

Presiding Officer : **सुश्री के. शिवानी**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)

(RCS A/0000172/2025)

सुशीला बाई .... **वादी**

**Vs**

शंभुदयाल तिवारी .... **प्रतिवादी**

**Process ID- 287/2026**

**पेशी दिनांक**- 13/06/2026

**प्रेषिती**

**1.** सुषमा तिवारी अन्य स्व. विमला बाई पता- मुखर्जी नगर, देवास, तहसील व जिला देवास म.प्र.

यह कि प्रार्थी सुशीला बाई ने आपके विरुद्ध आरसीएसए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है. आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके. आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें.

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा. साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें.

यह आज तारीख 13 मई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर कर दिया गया है.

**नोट**- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा.

**के. शिवानी**

**प्रथम सिविल न्यायाधीश वरिष्ठ खंड के न्यायालय के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश जिला-नर्मदापुरम म.प्र.**

**R.N.-61977**


**एक नजर में** — **महावीर बाग में जुटीं 5 राज्यों की 300 से अधिक महिलाएं**

## जैन समाज का दो दिवसीय बहन-बेटी मिलन समारोह

**खातेगांव।** जैन समाज का दो दिवसीय बहन-बेटी मिलन समारोह बुधवार को महावीर बाग में प्रारंभ हुआ। इस आयोजन में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ राजस्थान, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, दिल्ली और गुजरात से 300 से अधिक महिलाएं शामिल हुईं। समाज के सदस्यों ने ढोल-बाजों, पुष्पवर्षा और मंगल तिलक के साथ उनका स्वागत किया।

समारोह में नवविवाहिता युवतियों से लेकर 80-85 वर्षीय बुजुर्ग महिलाएं भी उपस्थित रहीं।



पूरे नगर में उत्सव का वातावरण था, जहां समाज के प्रत्येक घर पर बंदरवार सजाए गए और स्वागत द्वार बनाए गए। बहन-बेटियों के साथ समाज की भांजियों को भी आमंत्रित किया गया, जिससे पारिवारिक संबंधों को मजबूती मिली।कार्यक्रम के दौरान कई पुरानी सहेलियां वर्षों बाद एक-दूसरे से मिलीं। इस दौरान उन्होंने बचपन की यादें ताजा कीं और अपने पुराने संस्मरण साझा किए। यह मिलन हंसी, खुशी और अपनत्व से भरा रहा। समारोह में समाज के सदस्यों ने बहन-बेटियों के सम्मान को समाज की संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा बताया। उन्होंने मायके की शान, ससुराल का अभिमान और धर्म की पहचान के महत्व पर जोर दिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य रिश्तों को मजबूत करना, सम्मान की भावना बढ़ाना और समाज की बेटियों के प्रति स्नेह को बढ़ावा देना है। दो दिवसीय आयोजन के पहले दिन प्रतिभागियों का परिचय सत्र आयोजित किया गया। इसके बाद तम्बोला, खेल, समूह गतिविधियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। विभिन्न समूहों में प्रतिभागियों ने गीत, नृत्य और अन्य प्रस्तुतियां दीं।

समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने बताया कि जिले में इस तरह का आयोजन पहली बार हो रहा है। ऐसे समारोह परिवारों को जोड़ने, संस्कारों को संरक्षित करने और नई पीढ़ी को सामाजिक मूल्यों से जोड़ने में सहायक होते हैं।